कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य-05/2024 **दिनांक 22/06//2024**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 21.06.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना करीमुद्दीनपुर पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त को 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना करीमुद्दीनपुर पुलिस द्वारा दिनांक 21.06.2024 को उ0नि0 बाल मुकुन्द दूबे हस्बुल तलब चीता मो0 के कर्म0गण का0 नवनीत कुमार व रि0 का0 शशांक शुक्ला के देखभाल क्षेत्र , रात्रि गस्त, तलाश वांछित , चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति में मामूर होकर ग्राम ढुढ़िया में मौजूद थे कि मुखबिर खास की सूचना पर कुँआ के चबूतरा पर वहद ग्राम मसौनी से अभियुक्त सतीश यादव पुत्र भुखन यादव नि0 ग्राम मूसरदेवा थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 22 वर्ष को मय एक अदद देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस के गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अवैध तमंचा रखने का शौकीन है तथा सोशल मीडिया पर इसकी फोटो वायरल हो रही है। इसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता अभियुक्तः-

1. सतीश यादव पुत्र भुखन यादव नि0 ग्राम मूसरदेवा थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 22 वर्ष

गिरफ्तारी स्थानः-

1. कुआ का चबुतरा वहद ग्राम मसौनी थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर।

गिरफ्तारी का दिनांक व समयः-

1. दिनांक 21.06.2024 समय 05.10 बजे

बरामदगीः-

1. एक अदद देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस अभियुक्त के कब्जे से बरामद किया गया।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 58/2024 धारा 323,504,506 भादवि थाना करी0पुर जनपद गाजीपुर
2. मु0अ0सं0 90/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर।

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर